**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दोपहर बाद से कांगड़ा जिला के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार से संबंधित प्रगति का अवलोकन करेंगे।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल शिमला ज़िला के रामपुर बुशहर में लगभग 10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित जलशक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रामपुर में जल शक्ति विभाग एक सौ 29 करोड़ रूपए की एक सौ 2 परियोजनाएं तैयार कर रहा है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा 3 सौ 27 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इसके अतिरिक्त, विभाग वॉल्वो बसों का सारा फ्लीट भी बदलने जा रहा हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एचआरटीसी में कर्मचारियों को वेतन और पेंशन दोनों समय पर दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि निगम जल्द ही 9 करोड़ रूपए का मेडिकल बकाया अपने कर्मियों को देने जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 100 करोड़ रूपए का नाईट अलाउंस भी कर्मियों को 2 हिस्सों में दिया जायेगा जिसमे 50 करोड़ रुपए की अदाएगी इसी वर्ष कर दी जाएगी।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने शिमला से एक प्रेस वक्तव्य जारी कर भाजपा पर चुनावी लाभ पाने के लिए देश के अन्य राज्यों में प्रदेश का अपमान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता झूठ बोलकर हिमाचल प्रदेश के 75 लाख लोगों के स्वाभिमान को आहत कर रहे हैं। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि भाजपा निम्न स्तर की राजनीति कर रही है और राजनीतिक स्वार्थ के लिए भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी फैला रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में कई गारंटियों को पूरा कर दिया है और शेष को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि विपक्ष को मात्र सुर्खियां बटोरने के लिए प्रदेश सरकार की आलोचना करने की बजाय राज्य के समग्र विकास के लिए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

**विपिन सिंह परमार**

दूसरी ओर, विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन सिंह परमार ने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर मिनी सचिवालय धर्मशाला में पूर्व के नेताओं द्वारा संजोई गई परंपराओं को तोड़ने का आरोप लगाया है। धर्मशाला में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस व भाजपा सरकारों के समय शीतकालीन प्रवास की परंपरा थी। इस दौरान मिनी सचिवालय में मुख्यमंत्री और मंत्री जनसमस्याएं सुनते थे। परमार ने प्रदेश सरकार के करीब दो वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के धर्मशाला मिनी सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में एक बार भी न बैठने की बात कही। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि समोसा मामले के बजाय सरकार को प्रदेश में माफिया और नशा तस्करी की जांच करवानी चाहिए थी। परमार ने आरोप लगाया कि केंद्र के पैसे को सरकार खर्च नहीं कर पा रही है और पैसा लैप्स हो रहा है।

**अनुदान**

कृषि उपनिदेशक कुलदीप धीमान ने आकांक्षी जिला चंबा के किसानों से मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जुड़कर जंगली जानवरों तथा पशुओं से फसलों को बचाने के लिए किसान कृषि विभाग के माध्यम से 70 प्रतिशत अनुदान पर इस वर्ष केवल कांटेदार या जालेदार तार से अपने खेतों की बाडबंदी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए किसान किसी भी लोक मित्र केंद्र से इस योजना के पोर्टल में अपना प्रार्थना पत्र दर्ज करवा सकते हैं।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते चंबा, कुल्लू और लाहौल स्पीति की उंची चोटियों पर कल भी हल्का हिमपात हुआ, जबकि निचले क्षेत्रों में घने कोहरे का क्रम अभी भी जारी है। ताजा बर्फबारी के चलते प्रदेश में अधिकतम तापमान में 6 डिग्री सैल्सियस तक की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल मौसम साफ बना रहेगा हालांकि विभाग ने 15 और 16 नवंबर को किन्नौर, लाहौल स्पीति, शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा के कई क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....**

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है **भाजपा ने प्रदेश की जनता का पैसा राजनीतिक लाभ पर लुटाया।** दैनिक सवेरा टाइम्स की सुर्खी है **प्रदेश सरकार न्यायालय में हाटी समुदाय के मामले की मजबूती से करेगी पैरवी।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **हाईकोर्ट ने हिमाचल विधानसभा पर लगाई 50 हजार रूपए की कास्ट।**

**सोलन, हमीरपुर में बनेंगे वाहन स्क्रैप सेंटर** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है **केंद्र ने दिया प्रारंभिक अप्रवूल, 15 साल पुराने वाहनों को ठिकाने लगाने की मिलेगी सुविधा।**

अमर उजाला की एक खबर है **50 उद्योगों को राहत, बिजली सब्सिडी बंद करने के फैसले पर रोक। प्रदेश की 6 ईको टूरिज्म साइट्स होंगी डेवेलप** शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है **वन विभाग ने साइट्स को आवंटित करने को दी मंजूरी।**

दैनिक भास्कर की एक खबर है **लाहौल की चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे, ठंडी बढ़ी, 15 को फिर एक्टिव होगा डब्ल्यूडी।**